प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 21.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज केबिनेट की बैठक–बजट सत्र की तैयारियों और उससे जुडे कामकाज पर चर्चा की संभावना।
- केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने देश में आधुनिक और समावेशी फूड प्रोसेसिंग इको सिस्टम बनाने पर जोर दिया।
- राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश के चार जिलों भीलवाडा, बाडमेर, टोंक और सिरोही के करीब 93 बजरी खनन पट्टों के ई–नीलामी आदेश को रद्द किया।
- भारत की मेजबानी में **लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन** आज से नई दिल्ली में।

....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज केबिनेट की बैठक होगी। इसके बाद मंत्री परिषद की बैठक भी बुलाई गई है। ऐसा माना जा रहा है कि बैठक में बजट सत्र की तैयारियों और उससे जुडे कामकाज पर चर्चा होगी। बैठक में राज्यपाल के अभिभाषण के प्रारूप, विभिन्न महत्वपूर्ण विधेयकों और अध्यादेशों पर चर्चा कर उन्हें सदन में पेश करने की मंजूरी दिये जाने की संभावना है। गौरतलब है कि राज्य विधानसभा का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू हो रहा है। सत्र के पहले दिन राज्यपाल हरिभाऊ बागडे का अभिभाषण होगा। वहीं सत्र से पहले 27 जनवरी को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है।

00000

देश में खाद्य प्रसंस्करण इको सिस्टम को मजबूत करने के लिए उदयपुर में दो दिन का चिंतन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने आधुनिक प्रतिस्पर्धी और समावेशी फूड प्रोसेसिंग ईको सिस्टम बनाने पर जोर दिया। श्री पासवान ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण देश की कृषि मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने और निर्यात बढाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। शिविर में खाद्य प्रसंस्करण व्यवसाय को बेहतर बनाने, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, उद्यमिता और निवेश को बढाने की रणनीतियों पर चर्चा की गई। श्री पासवान ने बलीचा में करीब साढे तीन करोड़ रूपये की लागत से बने प्रदेश के पहले जामुन सीताफल और आंवला प्रोसेसिंग इन्क्यूबेशन सेंटर का लोकार्पण भी किया।

00000

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड ने कहा है कि वन नेशन वन इलेक्शन के बहुत फायदे है। इससे एक ही समय में चुनाव प्रकिया पूरी की जा सकती है। श्री राठौड ने कल मीडिया से बातचीत में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के राज्य सरकार के पंचायती राज चुनाव को हाईजेक करने के आरोप का खंडन किया। श्री राठौड ने श्री डोटासरा पर अमर्यादित भाषा प्रयोग करने का आरोप लगाया।

....

00000

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने प्रत्येक नागरिक से ऊर्जा संरक्षण के प्रति बिजली बचाने में अपना योगदान देने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि बढते औद्योगिकरण और शहरीकरण के दौर में ऊर्जा संरक्षण की जरूरत बढ गई है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को इस दिशा में जागरूक होकर अपना दायित्व समझाना चाहिए। श्री नागर कल जयपुर में कांस्टीट्यूशनल क्लब में राजस्थान ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ऊर्जा दक्षता और संरक्षण चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसके लिए आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग की आवश्यकता है जिससे प्रदेश को ऊर्जा संरक्षण की दिशा में अग्रणी बनाया जा सके।

00000

डाक विभाग ने देशभर में 887 ए.टी.एम. चालू करके अपने एटीएम ढांचे को मजबूत किया है। संचार मंत्रालय ने बताया है कि इन एटीएम के जरिये ग्राहक नकदी निकाल सकते हैं। बैंक खातों का बैलेंस देख सकते हैं और अन्य मूलभूत लेन–देन कर सकते हैं। ये पहल विशेष रूप से ग्रामीण और दूर–दराज के क्षेत्रों में रह रहे लोगों के लिए लाभदायक है।

000000

राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश के चार जिलों भीलवाड़ा, बाडमेर, टोंक और सिरोही के करीब 93 बजरी खनन पट्टों के ई–नीलामी आदेश को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को रिपोर्ट तैयार करने को कहा है कि जिस स्थान से बजरी निकाली जाएगी, वहां बजरी का पुनर्भरण कैसे होगा। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार यह रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश करे और चाहे तो मामले में सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिका में इस रिपोर्ट को रखे। अदालत ने कहा कि नियमानुसार एक बार खनन की अवधि पूरी होने के बाद वहां अगले पांच साल खनन नहीं होता है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश एक जनहित याचिका पर दिये। अदालत ने पहले सभी पक्षों की बहस सुनकर याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

00000

कोटा जिले का गिरधरपुरा गांव प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। इस गांव में 1100 बीघा भूमि बिना बिजली के ही सिंचित की जा रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि यहां किसान जल स्त्रोतों का प्रबंधन स्वयं करते है।

....

00000

निर्वाचन आयोग आज से नई दिल्ली में लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर आयोजित, अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 2026 की मेजबानी करेगा। तीन दिवसीय यह सम्मेलन लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन के क्षेत्र में भारत द्वारा आयोजित सबसे बड़ा वैश्विक सम्मेलन है। इस सम्मेलन में 70 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि, भारत में विदेशी मिशनों के अधिकारी और निर्वाचन क्षेत्र से जुडे विशेषज्ञ भाग लेंगे। सम्मेलन में निर्वाचन प्रबंधन निकाय और कार्य समूह बैठकों के सत्र आयोजित किये जायेंगे। कोशिया और कज़ाकिस्तान इस कॉन्फ्रेंस में राजस्थान के पार्टनर देश है।

00000

रीको ने विभिन्न संवर्गो के 98 पदों पर भर्तियां निकाली है। इनके लिए आज से 20 फरवरी तक आवेदन किया जा सकता है। इन पदों में कंपनी सचिव, सहायक नगर नियोजक, प्रोग्रामर, सहायक लेखा अधिकारी और कनिष्ठ विधि अधिकारी तथा अन्य पद शामिल है।

00000

जैसलमेर के सुप्रसिद्ध मरू महोत्सव से पहले इस बार सांस्कृतिक पखवाडे का आयोजन किया जा रहा है। 29 जनवरी से शुरू होने वाले महोत्सव से पहले शहर में इस पखवाडे के जरिये उत्सवी वातावरण सृजित किया जा रहा है। पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक कमलेश्वर ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों का जुडाव मरू महोत्सव से हो। इसके लिए पखवाडे के तहत सोनार किले, पटवा हवेली और गडीसर झील पर रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

....

00000